भारत सरकार

कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 1402**

उत्तर देने की तारीख 09 फरवरी, 2026

सोमवार, 20 माघ, 1947 (शक)

**ओडिशा में केंद्रीय एवं केंद्र प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण**

**1402. श्री प्रदीप पुरोहित:**

**क्या कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार के पास पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान ओडिशा राज्य में विभिन्न केंद्रीय तथा केंद्र प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की कुल संख्या का कोई आंकड़ा उपलब्ध है;

(ख) यदि हाँ, तो तत्संबंधी जिला-वार ब्यौरा क्या है;

(ग) उक्त योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षित व्यक्तियों में से रोजगार प्राप्त करने वाले व्यक्तियों की संख्या का जिला-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) उक्त अवधि के दौरान ओडिशा राज्य में इन योजनाओं के अंतर्गत प्रदान की गई वित्तीय सहायता की राशि का जिला-वार ब्यौरा क्या हैं?

**उत्तर**

कौशल विकास और उद्यमशीलता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार)
(श्री जयन्त चौधरी)

(क) से (घ) भारत सरकार के कौशल भारत मिशन (एसआईएम) के अंतर्गत, जिसे 2015 में शुरू किया गया था, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) प्रधान मंत्री कौशल विकास योजना (पीएमकेवीवाय़), जन शिक्षण संस्थान (जेएसएस), राष्ट्रीय शिक्षुता प्रोत्साहन योजना (एनएपीएस) जैसी प्रमुख योजनाओं के तहत और औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आईटीआई) के शिल्पकार प्रशिक्षण योजना (सीटीएस) द्वारा कौशल विकास केंद्रों के व्यापक नेटवर्क के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को कौशल, पुनर्कौशलीकरण और कौशलोन्नयन प्रशिक्षण प्रदान करता है। एसआईएम का उद्देश्य भारत के युवाओं को उद्योग से संबंधित कौशलों से सुसज्जित करके भविष्य के लिए तैयार करना है। एमएसडीई की प्रमुख कौशल विकास योजनाओं के तहत ओडिशा में वित्त वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक (दिनांक 31.12.2025 तक) प्रशिक्षित/अभिविन्यस्त/नियुक्त/नामांकित उम्मीदवारों की संख्या, योजनावार और जिलावार, **अनुबंध-I** में दी गई है।

इसके अलावा, एमएसडीई की योजनाओं में से, पीएमकेवीवाई के पहले तीन चरणों यानी पीएमकेवीवाई 1.0, पीएमकेवीवाई 2.0 और पीएमकेवीवाई 3.0 में, जो वित्त वर्ष 2015-16 से वित्त वर्ष 2021-22 तक लागू किए गए थे, केवल अल्पकालिक प्रशिक्षण (एसटीटी) और विशेष परियोजना (एसपी) घटकों में ही प्लेसमेंट पर विशेष रूप से नज़र रखी गई थी। पीएमकेवीवाई 4.0 के तहत, प्रशिक्षित उम्मीदवारों को उनके विभिन्न करियर पथ चुनने के लिए सशक्त बनाने और उन्हें इसके लिए उपयुक्त रूप से तैयार करने पर विशेष ध्यान दिया गया है। इसके अलावा, स्किल इंडिया डिजिटल हब (सिद्ध) जैसे विभिन्न आईटी उपकरण भी यह अवसर प्रदान करते हैं।

पीएमकेवीवाई 1.0, पीएमकेवीवाई 2.0 और पीकेकेवीवाई 3.0 के तहत देशभर में प्रमाणित और नियुक्त किए गए उम्मीदवारों की संख्या निम्नलिखित है:

| **स्कीम** | **प्रमाणित उम्मीदवारों की संख्या** | | **कुल प्रमाणित** | **एसटीटी+एसपी के अंतर्गत कुल नियोजितों की संख्या** |
|---|---|---|---|---|
| | **(अल्पकालिक प्रशिक्षण) एसटीटी + एसपी (विशेष परियोजना)** | **पूर्व अधिगम मान्यता (आरपीएल)** | | |
| पीएमकेवीवाई 1.0 | 13,32,479 | 1,19,157 | 14,51,636 | 2,53,296 |
| पीएमकेवीवाई 2.0 | 40,36,547 | 51,21,000 | 91,57,547 | 21,41,575 |
| पीएमकेवीवाई 3.0 | 3,20,052 | 1,89,662 | 5,09,714 | 43,016 |

एनएपीएस के तहत, निधि का आवंटन जिलावार नहीं किया जाता है और संस्थानों को छात्रवृत्ति सहायता के रूप में प्रोत्साहन दिया जाता है। आईटीआई से संबंधित दैनिक प्रशासन और वित्तीय नियंत्रण संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन के पास होता है। वित्त वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक (दिनांक 31.12.2025 तक) एमएसडीई की पीएमकेवीवाई और जेएसएस योजनाओं के तहत ओडिशा को जिलावार जारी की गई निधि **अनुबंध-II** में दी गई है।

**'ओडिशा में केंद्रीय और केंद्र प्रायोजित योजनाओं के अंतर्गत कौशल प्रशिक्षण' विषय पर दिनांक 09.02.2026 को उत्तरार्थ लोकसभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1402 के भाग (क) से (घ) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**अनुबंध-I**

वित्त वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक (31.12.2025 तक) एमएसडीई की प्रमुख कौशल विकास योजनाओं के तहत ओडिशा में प्रशिक्षित/उन्मुख/नियुक्त/नामांकित उम्मीदवारों की संख्या, योजना-वार और जिला-वार:

| **क्रम सं** | **जिले का नाम** | **एमएसडीई की प्रमुख योजनाओं के अंतर्गत प्रशिक्षित/उन्मुख उम्मीदवारों की संख्या** | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| | | **पीएमकेवीवाय** | **जेएसएस** | **एनएपीएस (नियुक्त प्रशिक्षुओं की संख्या)** | **सीटीएस* (नामांकित उम्मीदवारों की संख्या)** |
| 1. | अंगुल | 1,134 | 3339 | 2,278 | 9384 |
| 2. | बलांगीर | 1,837 | 7217 | 704 | 4,905 |
| 3. | बालासोर | 3,662 | 7858 | 978 | 23,303 |
| 4. | बारगढ़ | 1,661 | 7580 | 254 | 4006 |
| 5. | भद्रक | 482 | 7180 | 308 | 11,640 |
| 6. | बौध | 1,438 | 7100 | 80 | 1,208 |
| 7. | कटक | 3,426 | 7379 | 1,969 | 17,843 |
| 8. | देवगढ़ | 88 | 7320 | 12 | 1,142 |
| 9. | ढेंकनाल | 2,798 | 6860 | 459 | 7,096 |
| 10. | गजपति | 2,746 | 6535 | 138 | 2,537 |
| 11. | गंजम | 5,692 | 7760 | 1,002 | 24,024 |
| 12. | जगतसिंहपुर | 1,860 | 7220 | 620 | 8,504 |
| 13. | जाजपुर | 706 | 7292 | 1,673 | 9,346 |
| 14. | झारसुगुडा | 65 | - | 1,068 | 3,363 |
| 15. | कालाहांडी | 347 | 6900 | 476 | 3,368 |
| 16. | कंधमाल | 2,127 | 5820 | 135 | 2,648 |
| 17. | केंद्रपाड़ा | 2,359 | 7538 | 114 | 5,728 |
| 18. | क्योंझर | 620 | 6034 | 987 | 8,582 |
| 19. | खोरधा | 7,722 | 7280 | 14,935 | 15,482 |
| 20. | कोरापुट | 1,524 | 7100 | 2,462 | 7,210 |
| 21. | मल्कानगिरी | 796 | 7159 | 151 | 1,404 |
| 22. | मयूरभंज | 2,830 | 7013 | 350 | 17,209 |
| 23. | नबरंगपुर | 1,672 | 7619 | 430 | 2,269 |
| 24. | नयागढ़ | 2,110 | 7360 | 204 | 2,808 |
| 25. | नुआपाड़ा | 1,668 | 7019 | 81 | 1,671 |
| 26. | पुरी | 3,132 | 7400 | 526 | 4,875 |
| 27. | रायगढ़ | 2,970 | 7013 | 648 | 2,487 |
| 28. | संबलपुर | 971 | 5792 | 4,534 | 5,254 |
| 29. | सोनेपुर | 1,521 | 7120 | 44 | 2,083 |
| 30. | सुंदरगढ़ | 1,387 | 7377 | 3,311 | 21,675 |
| | कुल | **61,351** | **2,02,184** | **40,931** | **2,36,009** |

* सत्र 2022-23 से 2025-26 तक

**अनुबंध-II**

वित्त वर्ष 2022-23 से 2025-26 तक (31.12.2025 तक) एमएसडीई की पीएमकेवीवाई और जेएसएस योजनाओं के तहत ओडिशा को जिलावार जारी की गई धनराशि:

(धनराशि करोड रु. में)

| क्रम सं | जिले का नाम | एमएसडीई के प्रमुख स्कीमों के अंतर्गत | |
|---|---|---|---|
| | | पीएमकेवीवाय | जेएसएस |
| 1. | अंगुल | 0.81 | 1.03 |
| 2. | बलांगीर | 1.15 | 1.99 |
| 3. | बालासोर | 2.25 | 2.00 |
| 4. | बारगढ़ | 1.31 | 2.00 |
| 5. | भद्रक | 0.44 | 2.00 |
| 6. | बौध | 0.85 | 1.99 |
| 7. | कटक | 2.85 | 1.99 |
| 8. | देवगढ़ | 0.00 | 2.00 |
| 9. | ढेंकनाल | 1.51 | 2.00 |
| 10. | गजपति | 1.58 | 1.80 |
| 11. | गंजम | 4.90 | 1.99 |
| 12. | जगतसिंहपुर | 0.98 | 2.00 |
| 13. | जाजपुर | 0.44 | 2.00 |
| 14. | झारसुगुडा | 0.04 | - |
| 15. | कालाहांडी | 0.18 | 1.98 |
| 16. | कंधमाल | 1.51 | 1.88 |
| 17. | केंद्रपाड़ा | 1.34 | 2.00 |
| 18. | क्योंझर | 0.36 | 1.86 |
| 19. | खोरधा | 5.23 | 2.00 |
| 20. | कोरापुट | 0.87 | 2.02 |
| 21. | मल्कानगिरी | 1.28 | 1.61 |
| 22. | मयूरभंज | 2.07 | 1.97 |
| 23. | नबरंगपुर | 1.98 | 1.60 |
| 24. | नयागढ़ | 1.43 | 1.99 |
| 25. | नुआपाड़ा | 1.91 | 2.00 |
| 26. | पुरी | 1.40 | 1.87 |
| 27. | रायगढ़ | 1.33 | 1.96 |
| 28. | संबलपुर | 0.54 | 2.41 |
| 29. | सोनेपुर | 0.71 | 2.00 |
| 30. | सुंदरगढ़ | 0.63 | 1.87 |
| | **कुल** | **41.88** | **55.77** |

******